रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

डॉ. बृजेश सिंह ने संभाला रा.दु.वि.वि. कुलसचिव का प्रभार

जबलपुर, 6 अगस्त। म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के परिपालन में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में नये कुलसचिव के रूप में डॉ. बृजेश सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। डॉ. बृजेश सिंह इसके पूर्व अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा में कुलसचिव के रूप अपनी सेवायें प्रदान कर चुके हैं। वे वर्तमान समय में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना में भौतिक शास्त्र के प्राध्यापक के रूप में कार्य कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व कुलपति प्रो. अलका नायक, उपकुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा, प्रो. कमलेश मिश्रा, प्रो. विवेक मिश्र, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, सहायक कुलसचिव श्रीमती सुनीता देवड़ी, श्री अभकान्त मिश्रा, सुश्री मिनाल गुप्ता एवं सुश्री मोनाली सूर्यवंशी तथा डॉ. आर.के. गुप्ता, श्री विनोद जारोलिया सहित अन्य शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।